प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज : विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में कर रहे हैं चुनावी जनसभाएं।**
2. **संसदीय चुनाव के तीसरे चरण के लिये आज विभिन्न प्रत्याशियों ने दाखिल किये नामांकन पत्र : सपा–कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी डिम्पल यादव ने मैनपुरी संसदीय सीट से भरा पर्चा।**
3. **संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 का परिणाम किया घोषित : लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने हासिल की पहली रैंक।**

**और**

4. **चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि पर महागौरी की आराधना का क्रम जारी : प्रमुख देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं का लगा तांता।**

————————

राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं, रैलियां और रोड–शो कर रह हैं। भारतीय जनता

पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बिजनौर जिले के नगीना लोकसभा क्षेत्र के नहटौर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा–राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन के उम्मीदवार ओम कुमार और चंदन चौहान के लिये वोट की अपील की। श्री योगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकासवादी राजनीति पर विश्वास करती है और इसे मूर्त रूप देने के लिये हमेशा प्रयासरत रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा–नीत केन्द्र और राज्य सरकार विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं चलाकर लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठा रही है। श्री योगी ने कहा कि भाजपा सिर्फ विकास ही नहीं बल्कि विरासत और आस्था का सम्मान भी कर रही है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि मैनपुरी के साथ–साथ प्रदेश में समाजवादी पार्टी को जबरदस्त सफलता मिलेगी। उन्होंने यह बात आज मैनपुरी में अपनी पत्नी और सपा–कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी डिम्पल यादव का नामांकन पत्र दाखिल कराने के बाद मीडिया से कही। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस बार भी इस संसदीय क्षेत्र में रिकार्ड मतों से जीतेगी। श्री यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार में किसानों की फसलों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जायेगा और उनके कर्जो को माफ किया जायेगा।

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने बिजनौर में नगीना और बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के समर्थन मं जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सभी वर्गो विशेषकर दलितों का आह्वान किया कि वे अपने वोटों का सही इस्तेमाल करें, ताकि बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर और उनकी विचार धारा को आगे बढ़ रही बहुजन समाज पार्टी का मिशन कमजोर न हो। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई की वजह से आम लोगों का मोह भारतीय जनता पार्टी से भंग हो गया है।

---

संसदीय चुनाव के तीसरे चरण के लिये नामांकन भरने की प्रक्रिया जारी है। इस चरण में आने वाली मैनपुरी सीट से आज समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी और मौजूदा सांसद डिम्पल यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी मौजूद थे। भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह कल इस सीट से अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

उधर, इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार प्रवीण सिंह ऐरन ने बरेली और आंवला संसदीय सीट से नीरज मौर्य ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

वहीं आगरा सुरक्षित सीट से बहुजन समाज पार्टी की उम्मीदवार पूजा अमरोही और फतेहपुर सीकरी सीट से बसपा प्रत्याशी राम निवास शर्मा ने नामांकन दाखिल किया।

हाथरस सुरक्षित सीट से भाजपा प्रत्याशी अनूप प्रधान बाल्मीकि ने समर्थकों के साथ नामांकन भरा। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और कैबिनेट मंत्री राकेश सचान भी मौजूद थे।

—————————

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में आज दो और संसदीय क्षेत्रों से प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी और फिरोजाबाद से ठाकुर विश्वजीत सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही भाजपा ने प्रदेश में विधानसभा की रिक्त सीटों के लिए आज चार विधानसभा क्षेत्रों से भी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने ददरौल से अरविन्द सिंह, लखनऊ पूर्व से ओपी श्रीवास्तव, गैंसड़ी से शैलेन्द्र सिंह शैलू और दुद्धी सुरक्षित सीट से श्रवण गौड़ को प्रत्याशी बनाया है। उधर कांग्रेस ने लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर मुकेश चौहान को उप चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। बहुजन समाज पार्टी ने भी लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी पांचवी सूची जारी की है।

—————————

संघ लोक सेवा आयोग ने आज सिविल सेवा परीक्षा 2023 का परिणाम जारी कर दिया है। एक हजार 16 अभ्यर्थी आईएएस, आईपीएस और आईएफएस के लिये चुने गये हैं। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने सिविल सेवा परीक्षा में

ऑल इंडिया रैंक हासिल की है। आदित्य फिलहाल पश्चिम बंगाल में आईपीएस की ट्रेनिंग हासिल कर रहे हैं। आदित्य ने अपनी शुरूआती पढ़ाई लखनऊ में पूरी की। 12वीं कक्षा पास करने के बाद उन्होंने आईआईटी कानपुर से बीटेक किया और कई निजी कम्पनियों में नौकरी करने के बाद आईपीएस और अब आईएएस की भी परीक्षा में कामयाबी हासिल की है।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि पर आज श्रद्धालु मां आदिशक्ति के आठवें स्वरूप महागौरी की विधिवत आराधना कर रहे हैं। इस अवसर पर सुबह से ही राज्य के सभी प्रमुख देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मिर्जापुर के विन्ध्याचल स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कतारबद्ध होकर दर्शन–पूजन कर रहे हैं। उधर,

मुरादाबाद जिले में दुर्गा अष्टमी पर्व का विशेष उल्लास है। लोग माता महा गौरी की आराधना कर सौभाग्य और परिवार की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन भी कराया। नगर के प्राचीन दुर्गा मंदिर सहित कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ है। गोरखपुर जिले के प्रमुख मंदिरों गोलघर काली मंदिर, बुढ़िया माता मंदिर, तरकुलहा देवी मंदिर, जंगल कौड़िया दुर्गा मंदिर के साथ अन्य शक्तिपीठों मं भी श्रद्धालु माता को नारियल चुनरी भेंट कर पूजन अर्चन रहे हैं। वहीं चौरी चौरा के तरकुलहा देवी मंदिर में मेले जैसा माहौल है। वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट, हापुड़, कुशीनगर सहित राज्य के अधिकांश जिलों में चैत्र नवरात्र की अष्टमी क मौके पर देवी मंदिरों में पूजन अर्चन का क्रम जारी है।

वहीं बलरामपुर जिले के तुलसीपुर स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ पर प्रातः काल से ही दर्शन पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। एक रिपोर्ट.....

*तुलसीपुर स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ पर नवरात्रि की अष्टमी तिथि को प्रातः काल से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु कतारों में लगकर दर्शन पूजन कर रहे हैं। पड़ोसी देश नेपाल से भी श्रद्धालु पहुंच रहे है, सूर्य कुंड से लेकर मंदिर परिसर तक लंबी लाइन श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज रहा है। शुभ मुहूर्त होने के कारण लोगों द्वारा मुंडन, अन्नप्राशन जैसे सामाजिक कर्मकांड भी संपन्न कराए जा रहे हैं। वहीं सिद्ध पीठ की मान्यता होने के कारण बड़ी संख्या में लोग यहां धार्मिक, तांत्रिक अनुष्ठान भी सम्पन्न कर रहे हैं। कोई मुरादें पूरी होने पर नारियल चुनरी मां को अर्पित कर रहा है तो कोई मुरादें मांग रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है पूरे*

*परिसर की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी किया जा रहा है। रामकुमार मिश्र, आकाशवाणी समाचार, बलरामपुर।*

———————

**भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद पहले श्रीराम जन्मोत्सव का अयोध्या में विशेष उल्लास है। रामनवमी के अवसर पर दर्शनार्थियों के अयोध्या पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्‌देनजर सुरक्षा व्यवस्था चौकस कर दी गई है। भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। क्लोज सर्किट टीवी औरउ ड्रोन कैमरे से मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिये सात लाइने बनाई जा रही है। इसके अलावा अस्थाई चिकित्सा केन्द्र और जगह–जगह पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी की गई है और ब्यौरा हमारे अयोध्या प्रतिनिधि से...........**

*भव्य और दिव्य राम मंदिर दर्शनार्थियों की संख्या में विश्व में शीर्ष स्थान अर्जित कर चुका है,तो अब भगवान राम लला का जन्मोत्सव भी एक नया इतिहास रचने जा रहा है,फूलों की सजावट से गमकते और विद्युत झालरों से दमकते राम लला मंदिर में कल अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर रामलला के ललाट सूर्य की किरणों से प्रकाशवान होंगे,तो एक अद्‌भुत और ऐतिहासिक दृश्य का सृजित होगा, इसके साथ ही राम जन्मोत्सव के अनुष्ठान और वेद मन्त्रोंच्चारण से संपूर्ण परिसर गूंजायमान हो जाएगा,राम लला को 56 प्रकार के व्यंजन और धनिया की पंजीरी का भोग लगाकर प्रसाद भक्तों में वितरित किया जाएगा। राजेंद्र सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

———————

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अगले दो दिनों के दौरान तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तराखंड के कुछ भागों और उत्तर प्रदेश में चालीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती है।

वहीं मौसम विभाग ने तेज गर्मी और धूप के मद्देनजर एडवाइजरी जारी की है। परामर्श के मुताबिक प्रदेश के कई जिलों में लू का प्रकोप अगले कई दिनों तक जारी रहेगा। मौसम विभाग ने लोगों से इससे बचने की सलाह दी है।

(समाप्त)